C-1

Childhood and Growing Up

बचपन और विकास

Unit-1	
शिक्षार्थी : बचपन और विकास	**Learner : Childhood and development**
• बचपन की अवधारणा : ऐतिहासिक व समकालीन परिप्रेक्ष्य; प्रमुख विमर्श • बचपन के दौरान प्रमुख कारक : परिवार, पड़ोस, समुदाय और विद्यालय • बच्चे, बचपन और उनका विकास : समकालीन वास्तविकता, बिहार के विशेष संदर्भ में	• Concept of Childhood : Historical and contemporary perspectives; major discourse • Key Factors during Childhood: Family, Neighborhood, Community and School • Children, Childhood and their development: The Contemporary realities with special focus on Bihar

बच्चे तथा बचपन की संकल्पना काल व स्थान के अनुसार सदैव बदलती रही है। अतः ऐतिहासिक विकास की मोटी–मोटी समझ से इस इकाई की शुरुआत करना उपयुक्त होगा। ऐतिहासिक विकास के अंतर्गत बच्चों और बचपन को लेकर अलग–अलग काल व समाज में बनी धारणाओं की चर्चा की जाएगी। बचपन को प्रभावित करनेवाले कारकों की चर्चा के साथ–साथ उनके द्वारा बच्चे पर क्या प्रभाव पड़ता है, इसकी संक्षिप्त चर्चा यहां होगी। विकास के मामले में भी बच्चे का बचपन बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए बचपन की संकल्पना के साथ–साथ बच्चों के विकासात्मक पक्ष की चर्चा भी करनी होगी, लेकिन यहां पर विकास के आयामों को बचपन पर ही केन्द्रित रखा जाएगा, उससे आगे की चर्चा आगे की इकाइयों में की जाएगी।

Unit-2	
मानव विकास की समझ	**Understanding Human Development**
• मानव विकास में प्रमुख अवधारणाएं : वृद्धि, परिपक्वता एवं विकास की अवधारणा; वृद्धि रेखा तथा मानव विकास के संदर्भ में इसकी उपयोगिता; विकास के बुनियादी सिद्धांत • शिक्षार्थी का विकास : शारीरिक, संज्ञानात्मक, भाषायी, भावात्मक, सामाजिक व नैतिक; इनके बीच का अंर्तसम्बंध और शैक्षिक निहितार्थ (पियाजे, इरिक्सन, कोह्लबर्ग और गिलिगन के सिद्धांतों के विशेष संदर्भ में)	• Major Concept in Human Development: Growth, Maturation and Development; Growth Curve and its utility in the context of Human Development; Basic Principles of Development • Development of learner: physical, cognitive, language, emotional, social and moral; their interrelationships and implications for teachers (special reference to theories given by Piaget, Erikson, Kohlberg and Giligan).

मानव के विकास के संदर्भ में कई अवधारणाएं निरन्तर आती रही है, जिसमें बचपन से लेकर बुढ़ापे तक के जीवन विकास को समझा जाता रहा है। इस इकाई का जोर मानव विकास के कुछ महत्वपूर्ण अवधारणाओं को समझने पर है जिससे बच्चों व किशोरों के विकास को लेकर शिक्षकों की विस्तृत समझ बन सके। यहां मानव विकास से सम्बंधित कुछ विवादित मुद्दों की भी चर्चा की गयी है जिसके प्रति सुविज्ञ दृष्टिकोण विकसित किया जाएगा। इकाई के तीसरे बिन्दु के अंतर्गत, कुछ प्रमुख सिद्धांतों की विशेष चर्चा करते हुए शिक्षार्थी के विकास के शारीरिक, भाषायी, भावात्मक, सामाजिक व नैतिक विकास को समझने की कोशिश की गयी है।

Unit-3	
किशोरावस्था में शिक्षार्थी	**Learner in Adolescence**
• किशोरावस्था की अवधारणा : रूढ़िगत मान्यताएं, सही समझ की जरूरत, प्रमुख मुद्दे और कारक • किशोरावस्था को विशेष ध्यान में रखते हुए विकास की अवस्थाओं एवं उनकी विशेषताओं की समझ • किशोरावस्था में शिक्षार्थियों की गतिविधियां, आकांक्षाएं, द्वंद एवं चुनौतियां, और उनसे बर्ताव करने के तरीके	• Concept of Adolescence: stereotypes, need of right understanding, major issues and factors • Understanding stages of development and their characteristics with special emphasis on adolescence • Activities, aspirations, conflicts and challenges of an adolescent learner and ways to deal with them.

Scanned with CamScanner

बी.एड. करनेवाले प्रशिक्षुओं को माध्यमिक स्तर (कक्षा 6 से 12) की कक्षाओं में शिक्षण करना होता है जिसमें मूलतः किशोरावस्था में बच्चे होते हैं। अतः इस इकाई में किशोरावस्था की विस्तृत समझ अर्थात विकास की अवस्थाएं, उनकी विशेषताएं एवं चुनौतियां, आदि पर चर्चा की जाएगी जिससे कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों के मन एवं व्यवहार दोनों को समझते हुए अपने शिक्षण को कर पाएं। यहां भी यह बात लागू होती है कि किशोरावस्था भी कोई एक निश्चित संकल्पना नहीं है। समाज, जगह और संदर्भ के अनुसार, इसके प्रति सोंच में कई अंतर है, इसलिए इसकी समझ बनाते हुए बिहार में किशोर–किशोरियों की स्थिति का विश्लेषण भी इस इकाई में किया जाएगा। किसी भी व्यक्ति के जीवन में किशोरावस्था एक महत्वपूर्ण काल होता है जिसमें वह अपने विकास के कई नये पहलुओं से परिचित होता है और उनसे अंतःक्रिया के माध्यम से व्यक्ति की जो सोंच बनती है वह उसके आगे के जीवन को आकार देती है। अतः समाज में किशोर–किशोरियों के साथ कैसा बर्ताव किया जाए, यह एक अहम मुद्दा है क्योंकि उसी बर्ताव पर उसके जीवन की आगे का निर्णय टिका होता है। इन बातों को ध्यान में रखकर इस इकाई में किशोरों के संदर्भ में शिक्षा कैसी हो, तथा उसमें सबकी क्या भूमिका होनी चाहिए, इस पर विमर्श को प्रस्तुत किया जाना है। यह इकाई एक प्रकार से कई नयी संकल्पनाओं से परिचय कराती है।

Unit-4	
समाजीकरण और शिक्षार्थी का संदर्भ	**Socialization and the Context of Learner**
• समाजीकरण की अवधारणा : प्रमुख विमर्श, इसके माध्यम के रूप में शिक्षा तथा प्रमुख कारक • समाजीकरण की संस्थाएं एवं उनकी भूमिका : परिवार, समुदाय, विद्यालय, मित्रमंडली, शिक्षक, मीडिया, बाजार, अन्य औपचारिक व अनौपचारिक संस्थाएं; सामाजिक संस्थाएं जैसे संस्कृति, वर्ग, जाति, जेण्डर आदि • समाजीकरण की प्रक्रिया और सामाजिक वास्तविकताएं : असमानता, और इनका बच्चों व किशोरों पर पड़ता प्रभाव	• Concept of Socialization: major perspectives, education as a medium and key factors • Institutions of Socialization and their role: The context of family, community, school, peers, teacher, media, market, other formal and informal organizations; social institutions such as culture, class, caste, etc. • Process of Socialization and social realities (with special focus on Bihar): Inequalities, and their impact on learner

चाहे बचपन हो या किशोरावस्था या आगे का विकास, इन सब के दौरान समाजीकरण की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है लेकिन इस प्रक्रिया के प्रकृति में कई परिवर्तन होते रहते हैं। अतः इस इकाई में समाजीकरण की प्रक्रिया के जटिल संरचना एवं उसके कारकों की विस्तृत चर्चा करनी है। समाजीकरण के प्रमुख परिप्रेक्ष्यों में मूलतः प्रकार्यात्मक और आलोचनात्मक परिप्रेक्ष्यों को समझा जाएगा। समाजीकरण को लेकर एक सैद्धांतिक समझ भी बने, इसके लिए ब्रोनफ्रेनब्रेनर के मॉडल की चर्चा की गयी है जो बच्चे के परिवेश के कारकों, उनकी स्थिति एवं प्रभाव की उपयोगी समझ प्रस्तुत करता है। यह इकाई समाजीकरण से जुड़े अन्य अवधारणाओं की भी समझ देगा। अतः अन्य अवधारणाओं की बात तो यहां होगी लेकिन केवल समाजीकरण से जोड़कर और उसमें शिक्षा की भूमिका को रेखांकित करते हुए। समाजीकरण की संस्थाएं मूर्त भी हैं और अमूर्त भी, अतः दोनों की समेकित समझ इसमें प्रस्तुत की जाएगी। किसी व्यक्ति की सामाजिक अस्मिता को समाजीकरण की संस्थाएं किस प्रकार निर्मित करती हैं, उसकी संक्षिप्त समझ भी यहां प्राप्त की जाएगी।

Unit-5	
शिक्षार्थियों में विविधता की समझ	**Understanding diversity in learners**
• मानवीय विविधता की प्रकृति एवं अवधारणाः सामाजिक एवं सांस्कृतिक विविधता; • मनोवैज्ञानिक विशेषताओं के आधार पर भिन्नताओं के आयाम : बौद्धिकता, क्षमता, अभिरूचि, अभिवृत्ति, सृजनात्मकता, व्यक्तित्व • विविध संदर्भों के शिक्षार्थियों की समझ : सामाजिक, सांस्कृतिक, समुदाय, धर्म, जाति, वर्ग, जेण्डर, भाषा और भौगोलिक स्थिति, मीडिया, बाजार, तकनीक व वैश्वीकरण • विद्यालय में विविधता की समझ	• Nature and Concept of Human Diversity: Social and Cultural Diversity; • Dimensions of differences: intelligence, abilities, interest, aptitude, creativity, personality • Understanding children and adolescents from diverse contexts: social, cultural, community, religion, caste, class, gender, linguistic and geographic location, media, market, technic and universal • Understanding Diversity in School

विद्यालय इस बात की अक्सर अनदेखी करता रहता है कि वहां आनेवाले बच्चे अलग–अलग पृष्ठभूमि से आते हैं और सभी बच्चों का सीखने का अपना अलग तरीका हो सकता है। तभी, किसी भी विद्यालय के कोई भी विद्यार्थी एक दूसरे के समान नहीं होते हैं, सबमें भिन्न–भिन्न अभिरूचियां, क्षमताएं एवं सोंच होती है। अतः शिक्षक को शिक्षार्थियों की विभिन्नताओं को पहचानने और उसके अनुरूप काम करने की समझ जरूर होनी चाहिए। इस इकाई में शिक्षार्थियों की कुछ बुनियादी विभिन्नताओं की चर्चा की गई है। इकाई के विभिन्न विषय वस्तुओं के अंतर्गत कुछ तकनीकी शब्दों का प्रयोग भी किया गया है जिनके प्रति जागरूकता कम और भ्रांतियां ज्यादा है। यह इकाई उनको स्पष्ट करने का प्रयास करेगी। साथ ही, शिक्षार्थियों की विभिन्नताओं को केवल समझना ही जरूरी नहीं है बल्कि उनके प्रति विद्यालय, समाज और शिक्षक क्या नजरिया अपनाता है, इसका विश्लेषण करना तथा आवश्यकतानुरूप उसमें सुधार लाने के प्रति संवेदनशीलता महत्वपूर्ण है जिसपर यह इकाई केन्द्रित है।

Scanned with CamScanner

Suggested readings:

- Aries, Philip (1962). Centuries of Childhood. New York: Vintage Books publications.
- Berk, L. E. (2011).*Child Development*. (8th ed.). New Delhi: Pearson Prentice Hall.
- Berk, Laura E. (2006). Child Development. New Delhi: Printice Hall of India Pvt. Ltd.
- Chand Kiran (2012), Shiksha Ka Samajik Paripreshya, New Delhi, Delhi Vishwavidhyala.
- Kumar, Krishna (1993), Raj Samaj Aur Shiksha. New Delhi: Raj Kamal Prakahsan.
- Kumar, Krishna. Bachpan ki avdharna aur Baal Sahitya. Shaikshanik Sandarbh, Issue-24.
- Mishra, A. (2007). Everyday life in a slum in Delhi. In D. K. Behera (Ed.), Childhoods in South Asia. New Delhi: Pearson Education India.
- Monstessori, Maria (1995). Secret of Childhood. Hyderabad: Orient Longman.
- NCERT. (2006a). Position paper-National focus group on education with special needs (NCF 2005). New Delhi: NCERT.
- NCERT. (2006c). Position paper-National focus group on problems of scheduled caste and scheduled tribe children (NCF 2005). New Delhi: NCERT.
- Parekh, B. C. (2000). Rethinking Multiculturalism: Cultural diversity and political theory (pp. 213-230). Palgrave.
- Pathak, A. (2013). Social Implications of schooling: Knowledge, pedagogy and consciousness. Aakar Books.
- Piaget, J. (1926). *Language and Thought of the Child*. London: Routledge & Kegan Paul.
- Piaget, J. (1951). *The Psychology of Intelligence*. London: Routledge & Kegan Paul.
- Piaget, J. (1952). *The Origins of Intelligence in Children*. New York: International University Press.
- Ranganathan.N. (2000).*The Primary School Child: Development and Education*. New Delhi : Orient Longman
- Rogoff, B., Baker-Sennett, J., Lacasa, P., & Goldsmith, D. (1995). Development through participation in sociocultural activity. New Directions for Child and Adolescent Development, 1995(67), 45-65.
- Santrock, J.W. (2010). *Lifespan Development*. (13th ed.). New York: McGraw-Hill Higher education
- Sarasati, T.S. (1999). Culture, Socialization and Human Development. New Delhi: Sage.
- Saraswathi, T.S. (1999). Adult-child continuity in India: Is adolescence a myth or an emerging reality? In T.S. Saraswathi (Ed.), Culture, socialization and human development: Theory, research and applications in India. New Delhi: Sage.
- Saraswathi, T.S. (Ed). (1999). *Culture, Socialisation and Human Development: Theory, Research and Application in India*. New Delhi: Sage.
- Sharma, N. (2003). Understanding adolescence. NBT India.
- Steams, Peter N. (2006). Childhood in World History, New York: Routledge.
- Sternberg, R.J. (2013). Intelligence, competence, and expertise. In A. J. Elliot & C. S. Dweck (Eds.), Handbook of competence and motivation (pp. 15–30). Guilford Publications.
- Students of Barbiana School (1970). Letter to a teacher.
- Woolfolk, A. (2014). *Educational Psychology*. (12th ed.). New Delhi: Pearson Education.
- Woolfolk, A., Misra, G. &Jha, A.K. (2012).*Fundamentals of Educational Psychology*. (11th ed.). New Delhi: Pearson.

Scanned with CamScanner

C-2

Contemporary India and Education

समकालीन भारत और शिक्षा

Unit-1	
भारत में शिक्षा : अतीत से वर्तमान तक	**Education in India: From Past to Present**
• वैदिक कालीन एवं बौद्ध कालीन शिक्षा व्यवस्था पर चिंतन–मनन, गुण–दोष तथा प्राचीन शिक्षा केन्द्र • मध्यकाल में शिक्षा : मकतब, मदरसा व संस्कृत शिक्षा • अठारहवीं शताब्दी के दौरान की देशज शिक्षा व्यवस्था	• Reflecting on Education during Vedic & Buddhist Period, ancient education institutions • Education during medieval period: Maktab, Madarsa and Sanskrit Education • Indigenous System of Education during eighteenth century

आज भारत में जिस प्रकार की शैक्षिक व्यवस्था है वह केवल वर्तमान की देन नहीं है बल्कि उसका अपना अतीत भी है जिसको जानने से एक प्रशिक्षु के समझ के दायरे का विस्तार होगा। अपने अतीत की शिक्षा को समझना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उससे शिक्षा के समृद्ध संस्कृति का भी बोध होता है और शिक्षा के ऐतिहासिक महत्व का भी ज्ञान होता है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए इस इकाई में यह कोशिश की गई है कि प्रशिक्षुओं को भारत के शैक्षिक इतिहास के व्यापक स्वरूप से विश्लेषणात्मक परिचय कराया जाए। इस दिशा में, सिर्फ औपनिवेशिक ही नहीं बल्कि उससे पहले के कालों के संदर्भ में भी शिक्षा को समझने का प्रयास है। शिक्षा के इतिहास को यहां हड़प्पा सभ्यता से शुरु किया जा रहा है जो कि स्वयं में शिक्षा के प्रचलित इतिहास में एक नया पन्ना जोड़ने जैसा है। हालांकि इसके अति प्राचीन होने के कारण उपलब्ध साक्ष्यों एवं अनुमानों के आधार पर ही संक्षिप्त विश्लेषण किया जाएगा लेकिन वह विश्लेषण हमारे शिक्षायी चिंतन के प्रस्थान बिन्दु को समझने के लिए अहम है। प्राचीन शैक्षिक व्यवस्था को समझने के लिए वैदिक, बौद्ध की शिक्षा पर भी चर्चा की जाएगी। हमारे इतिहास में कई शैक्षिक संस्थाओं व व्यवस्थाओं की भी उत्पति हुई है उनका भी संक्षिप्त परिचय इस इकाई से प्राप्त होगा। इस इकाई मे देशज शैक्षिक व्यवस्था पर विशेष बात की जाएगी। साथ ही, औपनिवेशिक काल के उन तमाम शैक्षिक प्रयासों की भी चर्चा की जाएगी जिसका असर आज की शिक्षा व्यवस्था में ही व्याप्त है।

Unit-2	
ब्रिटिश तथा स्वतंत्रता पश्चात शिक्षा	**British & after independence Education**
• ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के दौरान उभर कर आयी शिक्षा व्यवस्था : मिशनरी स्कूल, ब्रिटिश राज के अंतर्गत गठित औपचारिक शिक्षा की व्यवस्था; भारतीयों द्वारा गठित शैक्षिक संस्थाएं एवं आंदोलन (जैसे कि यंग बंगाल आंदोलन, देवबंद, आर्यसमाज, अलीगढ़, सत्यशोधक समाज, जामिया स्कूल, बुनियादी शिक्षा) • स्वतंत्रता पश्चात, भारत में शिक्षा का विकास – प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा की समस्याएँ • बिहार में शिक्षा का ऐतिहासिक विकास–सभी के लिए शिक्षा व्यवस्था, शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाएँ	• Missionaries, Formal education system under British administration, Different Education systems or movements founded by Indians (i.e. Young Bengal Movement, Deoband, Aryasamaj, Aligarh, Satya Shodhak Samaj, Jamia school, Basic education) • Post-Independence development of Education System in India- Primary, Secondary & Higher Education & its Problems • Historical development of Education in Bihar, Education system for all, Teachers training Institutions.

इस इकाई में ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के दौरान उभर कर आई शिक्षा व्यवस्था पर गहन चिंतन एवं मनन किया जाएगा और साथ ही गठित शैक्षणिक संस्थाएं एवं आंदोलनों की विस्तृत चर्चा की जाएगी इसके साथ–साथ स्वतंत्रता पश्चात के शैक्षिक विकास की चर्चा में प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा की समस्याओं को भी दृष्टिगत रखते हुए विस्तार से चर्चा की जाएगी जिसमें बिहार के शैक्षिक विकास, शिक्षा व्यवस्था एवं शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं का विशेष उल्लेख किया जाएगा।

Scanned with CamScanner

Unit-3

शिक्षा की समझ	Understanding Education
• शिक्षा : महत्व एवं प्रकृति; 'शिक्षित व्यक्ति कौन है' इसका विश्लेषणात्मक समझ • भारतीय चिंतकों के शिक्षासम्बंधी विचारों का विश्लेषणात्मक समझ : सैयद अहमद खां, ज्योतिबा फुले, स्वामी विवेकानन्द, श्री अरविन्दो, पंडित मदन मोहन मालवीय, डॉ. जाकिर हुसैन, मौलाना अबुल कलाम आजाद, डॉ. एस. राधाकृष्णन, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर, जे. कृष्णमूर्ति • पाश्चात्य चिंतकों के शैक्षिक विचारों का विश्लेषणात्मक समझ : प्लेटो, रूसो, जॉन डीवी, पॉलो फ्रेरे • गांधी के 'हिन्द स्वराज' और टैगोर के 'शिक्षा' के माध्यम से शिक्षा की समझ	• Education: need and nature; analytical understanding of the notion of an educated person Analyzing the thoughts of various Indian thinkers: Sir • Syed Ahmed Khan, Jyotiba Phule, Swami Vivekananda, Sri Aurobindo, Pandit Madan Mohan Malviya, Dr. Zakir Husain, Maulana Abul Kalam Azad, Dr. S. Radhakrishnan, Dr. B.R. Ambedkar and J. Krishnamurti • Analyzing the thoughts of various western thinkers: Plato, Rousseau, John Dewey, Paulo Freire Understanding of Education through 'Hind *Swaraj*' by Gandhi and '*Shiksha*' by Rabindranath Tagore

शिक्षा की प्रकृति क्या हो, यह क्यों महत्वपूर्ण है तथा 'शिक्षित व्यक्ति कौन है' इन तीनों सवालों का जवाब काल और संदर्भ के अनुसार सदैव बदलता रहा है और आगे भी बदलता रहेगा, लेकिन अमूमन हम इनके उत्तरों को शाश्वत मानते है। इसीलिए इस इकाई की शुरूआत में शिक्षा की बदलती प्रकृति जिसमें औपचारिक–अनौपचारिक–निरौपचारिक, पारम्परिक–नवाचारी आदि के महत्व तथा 'शिक्षित' होने के मायने पर विमर्श किया जाएगा। आगे उसी विमर्श को बढ़ाने के लिए तमाम भारतीय चिंतकों के विचारों का विश्लेषण भी इसमें किया जाएगा। इसके अंतर्गत सर सैयद अहमद खां, ज्योतिबा फूले, पंडित मदन मोहन मालवीय, डॉ. जाकिर हुसैन, जे. कृष्णमूर्ति ऐसे विचारक हुए जिन्होंने अपने द्वारा स्थापित संस्थानों के माध्यम से शिक्षा को एक अलग नजरिए से देखने की कोशिश की। उन संस्थानों में उन्होंने 'शिक्षा क्या, क्यों और कैसे' पर सम्पूर्ण विमर्श किया। साथ ही, मौलाना अबुल कलाम आजाद जो स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री रहे तथा नए भारत के शिक्षा की कल्पना में भूमिका निभायी, डॉ. एस. राधाकृष्णन जो आजादी के बाद शिक्षा पर बने पहले आयोग के अध्यक्ष थे तथा भारतीय दर्शन के ज्ञाता थे इस नाते उन्होंने शिक्षा को एक अलग नजरिए से देखने की कोशिश की। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के शैक्षिक चिंतन का प्रभाव संविधान के प्रावधानों पर भी पड़ा है, इसलिए उससे रूबरू होना अपने आप में महत्वपूर्ण है। यदि स्वामी विवेकानन्द और श्री अरबिन्दो की बात करें तो इन्होंने शिक्षा के भारतीय दर्शन को प्रस्तुत किया और इन्होंने भी अपने दर्शन पर आधारित शैक्षिक संस्थानों का निर्माण किया। यहां स्पष्ट करना है कि इस इकाई में इन सब चिंतकों के शिक्षा सम्बंधी चयनित विचारों को केवल प्रधान माना गया है न कि उनकी जीवनियों को। शिक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण परिप्रेक्ष्य पाश्चात्य चिंतकों के माध्यम से भी दिया गया, अतः उनके विचारों को भी संक्षेप में यहां शामिल किया गया है। इकाई के अंत में गांधी द्वारा रचित 'हिन्द स्वराज' और टैगोर की कृति 'शिक्षा' के मौलिक अध्ययन के माध्यम से शिक्षा की प्रकृति को समझा जाना है। इन दोनो विचारकों की रचना को इसलिए अलग से लिया गया है क्योंकि इन्होंने भारत में शैक्षिक चिंतन को बहुत ही गहराई से प्रभावित किया है।

Unit-4

समकालीन भारतीय शिक्षा और इसके मुद्दे	Contemporary Indian Education and its concerns
• शिक्षा का सार्वभौमीकरण : शिक्षा का अधिकार तथा शिक्षा तक बच्चों की सार्वभौमिक पहुंच • शिक्षा में असमानता : सरकारी व प्राईवेट विद्यालयों का संदर्भ, विद्यालयों की शहरी व ग्रामीण अवस्थिति का प्रभाव; समाजिक–सांस्कृतिक–आर्थिक आयाम • राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय तनाव, अशांति, सामुदायिक द्वंद, सामाजिक अन्याय का शिक्षा पर पड़ते प्रभाव की समझ • समान विद्यालय प्रणाली की संकल्पना : सी.एस.एस. रिपोर्ट (बिहार सरकार) के विशेष संदर्भ में	• Universalisation of School Education: Right to Education and Universal Access to education • Inequality in schooling: Govt.-private schools, rural-urban schools; Social-cultural-economical aspects • Issues of National and International conflicts, unrest, social injustice, communal conflict • Idea of common school system: with special focus on CSS Report (Govt. of Bihar)

इस इकाई में में शिक्षा के उन मुद्दों की समझ बनायी जाएगी जिससे आज के शिक्षक जुझ रहे हैं। ये मुद्दे इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे शिक्षक के कार्य पर विशेष प्रभाव पड़ता है। अतः ये मुद्दे क्यों आए, इनकी पृष्ठभूमि क्या है और इनके प्रति एक शिक्षक की क्या भूमिका है, इन सब बिन्दुओं की चर्चा पर ही इस इकाई को केन्द्रित रखा गया है। इनमें से कई मुद्दे ऐसे हैं जो शिक्षा के साकारात्मक पक्ष को दिखाते हैं तो कुछ ऐसे भी मुद्दे हैं जो हमारी शिक्षा व्यवस्था के कमजोरियों को उजागर करते हैं। हमारे देश के तमाम विद्यालयों के असल सच को भी इस इकाई में समझा जाएगा।

Scanned with CamScanner

Unit-5	
शैक्षिक नीतियों के आलोक में विद्यालय की समझ	Understanding School in relation to Education Policies
• विद्यालय का नाम एवं प्रकार : नीतिगत परिप्रेक्ष्य के आलोक में विकास; भारत और विशेषरूप से बिहार में विद्यालयों की समकालीन संरचना को समझने के स्रोत के रूप में • विद्यालय की पाठ्यचर्या : नीतिगत परिप्रेक्ष्य के आलोक में विकास; विद्यालयी पाठ्यचर्या में समकालीन बदलावों की समझ, बिहार विशेष को ध्यान में रखते हुए • विद्यालय में मूल्यांकन व्यवस्था : प्रमुख बदलावों से सम्बंधित नीतिगत परिप्रेक्ष्य, बिहार के विद्यालयों में मूल्यांकन व्यवस्था का संदर्भ	• Name and types of the School: Development in the light Policy perspectives; As a source to understand the contemporary structure of schools in India as well as Bihar • Curriculum of the School: Major developments with reference to Policy perspectives; Understanding the development of the contemporary curriculum changes of schools with special focus on Bihar • Evaluation system in a school: Policy perspectives about major changes; the Context of Evaluation system in schools of Bihar

इस इकाई का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को विद्यालय के विभिन्न आयामों का विश्लेषण इस प्रकार करने का अवसर प्रदान करना है जिससे उन्हें देश की प्रमुख शिक्षा नीतियों तथा उनके विकास क्रम का ज्ञान अपनी संस्था के संदर्भ में मिल सके। आमतौर पर शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में 'शिक्षा का इतिहास' एक शुष्क विषय के रूप में पढ़ाया जाता है। इसमें शिक्षा से संबंधित ऐतिहासिक तथ्यों को प्रमुखता से चिन्हित किया जाता है, परन्तु ये तथ्य किसी संदर्भ से नहीं जुड़ पाते और इस कारण देश की शिक्षा नीतियों को लेकर एक विहंगम तथा संवेदित दृष्टि का विकास करने में असमर्थ रहते हैं। एक अन्य आम प्रवृति देश की शैक्षिक नीतियों को सिर्फ उनकी प्रमुख संस्तुतियों के दर्पण में देखने की है। किसी भी शिक्षा नीति के बनाये जाने की प्रक्रिया में उस समय की आवश्यकताएँ तथा बाध्यताओं को भी जानना महत्त्वपूर्ण है। एक शिक्षा नीति से दूसरी शिक्षा नीति का सफर उपलब्धियों और अधूरे रह गये लक्ष्यों की मिली–जुली कथा कहता है। अतः शिक्षा नीतियों को किस रीति से पढ़ाया जाए, यह महत्त्वपूर्ण है। यह इकाई इस बात का प्रयास करती है कि प्रशिक्षु किसी एक विद्यालय को आधार बनाकर शिक्षा नीतियों एवं आयोगों की अनुशंसाओं को लागू किये जाने में निहित चुनौतियों को समझ सकें। किसी विद्यालय का नाम, उसकी स्थापना से लेकर आज तक में किये गये परिवर्तन स्वयं में शिक्षा नीति के विकास क्रम का संकेत होते हैं। विद्यालय का भवन स्वयं में विद्यालय के विकास की कहानी समेटे रहता है। विद्यालय में पढ़ाए जा रहे विषयों का समूहीकरण अथवा विभाजन किस पाठ्यचर्या के आधारों पर किया गया है, इसे नीतियों के आलोक में जानना चाहिए। साथ ही, विद्यालय में होनेवाली मूल्यांकन व्यवस्था का क्या इतिहास रहा है, इन सबकी समझ से प्रशिक्षु विभिन्न शैक्षिक नीतियों को विद्यालय के भीतर समझ पाने में सक्षम हो सकेंगे। उपरोक्त बिन्दुओं को बिहार के संदर्भ में भी विशेष रूप से समझा जाएगा।

Suggested readings:

- Aggrawal, J.C. (1966). Progress of Education in Free India, New Delhi: Arya Book Depot.,1966.
- Balagopalan, S. (2003). Understanding educational innovation in India: the case of Ekalavya.*Education Dialogue 1(1): 97-121.*
- Booth, T., Ainscow, M., Black-Hawkins, K., Vaughan, M., & Shaw, L. (2000). Index for inclusion: Developing learning and participation in schools. Centre for Studies on Inclusive Education.
- Carini, P.F. (2001). Valuing the immeasurable. In Starting strong: A different look at children, schools, and standards (pp. 165–181). New York: Teachers College Press.
- Chandra, B. (2004) Gandhiji, Secularism and Communalism.*Social Scientist, Vol. 32, No. 1/2pp. 3-29*
- De, A., Khera, R., Samson, M., & Shiva Kumar, A.K. (2011). PROBE revisited: A report on elementary education in India. New Delhi: Oxford University Press.
- Ghosh, S.C. (2007). History of education in India. Rawat Publications.
- GOI. (1966). Report of the education commission: Education and national development. New Delhi: Ministry of Education.
- GOI. (1986). National policy of education. GOI.
- GOI. (1992, 1998). National policy on education, 1986 (As modified in 1992). Retrieved from http://mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/NPE86-mod92.pdf

Scanned with CamScanner

- GOI. (2009). The right of children to free and compulsory education act, 2009. Retrieved from http://mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/rte.pdf
- GOI. (2011). Sarva shiksha abhiyan- Framework for implementation based on the right of children to free and compulsory education act, 2009. GOI.
- Govinda, R. (2011). Who goes to school?: Exploring exclusion in Indian education. Oxford University Press.
- Govinda, R. (ed). (2002). *India education report: a profile of basic education*. New Delhi: Oxford University Press.
- Kabir, H. (1982). Education in New India. London: George Allen an Unwin
- Leslie C. Soodak. Classroom Management in Inclusive Settings. *Theory into Practice* Vol. 42, No. 4, Classroom Management in a Diverse Society (Autumn, 2003), pp. 327-333
- Mishra, A. K. and Gupta, Ruchika (2006). Disability Index: A Measure of Deprivation among Disabled. *Economic and Political Weekly*. Vol. 41, No. 38 (Sep. 23-29, 2006), pp. 4026-4029
- Mookerjee, R.K. (1960). Ancient Indian Education, Delhi; Moti Mahal.
- Mukherjee, S.N. (1955). History of Education in India, Baroda: Acharya Book Depot.
- Naik, J.P. (1979) *Education Commission and After.* A P H Publishing Corporation: New Delhi. Also available in Hindi
- Naik, J.P. (1982). The education commission and after. New Delhi: APH Publishing.
- Nambissan, G. B. (2009). *Exclusion and discrimination in schools: Experiences of dalit children*. Indian Institute of Dalit Studies and UNICEF.
- NCERT (2006/7) *National Focus Group Paper on the Problems of Scheduled Castes and Scheduled Tribes; National Focus Group Paper on Gender*. New Delhi: NCERT
- NCERT. (2005). National curriculum framework. NCERT.
- NCERT. (2006c). Position paper-National focus group on problems of scheduled caste and scheduled tribe children (NCF 2005). New Delhi: NCERT.
- NCTE (2009) *National Curriculum Framework for Teacher Education*. New Delhi
- Nurullaha & Naik, History of Indian Education, Bombay; Macmillan & Co.
- Pathak, A. (2013). *Social implications of schooling: Knowledge, pedagogy and consciousness*. Aakar Books.
- PROBE (1999) *Public report on basic education in India*. New Delhi: Oxford University Press.
- Raina, V. (2010). FAQs on the right to free and compulsory education act 2009. Bharat Gyan Vigyan Samiti, UNICEF.
- Rampal, A. & Mander, H. (2013, July. 13). Lessons on food and hunger: Pedagogy of empathy for democracy. *Economic and Political Weekly 48*(28), 50-57.
- Saxena, S. (2012, Dec. 8). Is equality an outdated concern in education? *Political and Economic Weekly 47*(49), 61-68.
- Singal, Nidhi. An ecosystemic approach for understanding inclusive education: An Indian case study.
- The PROBE Team. (1999). Public report on basic education in India. Delhi: Oxford University Press.
- Todd Lekan. Disabilities and Educational Opportunity: A Deweyan Approach Transactions of the Charles S. Peirce Society. Vol. 45, No. 2 (Spring 2009) (pp. 214-230)
- UNESCO. (2006). United Nations convention on the rights of persons with disabilities. UNESCO.
- UNESCO. (2009). Policy guidelines on inclusion in education. UNESCO.
- Zastoupil, L., & Moir, M. (1999). The great Indian education debate: Documents relating to the Orientalist-Anglicist controversy, 1781-1843. Psychology Press.

Scanned with CamScanner

C-3

Learning and Teaching

सीखना और सिखाना

Unit-1	
अधिगम से सम्बन्धित अवधारणाएँ	**Concepts related to Learning**
• अधिगम/सीखना : विभिन्न विचारों से परिचय • अधिगम को प्रभावित करनेवाले प्रमुख कारक • सीखने में एकाग्रता की भूमिका एवं इसका संवर्धन • अंतर्सम्बंधों की विश्लेषणात्मक समझ : अधिगम और विकास, अधिगम और अभिप्रेरणा, अधिगम और बुद्धि	• Learning: Introduction to multiple views • Major factors affecting learning • Role of concentration in learning and its enhancement • Analytical understanding of relations: Learning and Development; Learning and Motivation; Learning and Intelligence

अधिगम या सीखने को किसी एक ढंग से परिभाषित नहीं किया जा सकता क्योंकि इसके विषय में अलग–अलग समाज एवं संस्कृतियों में भिन्न–भिन्न मान्यताएं हैं जो लोकसंस्कृतियों, लोकोक्तियों, रीति–रिवाज, संस्कार या फिर सामाजिक परम्पराओं के रूप में वहां विद्यमान हैं। इस विषय में, अलग–अलग व्यक्तियों की भी अपनी–अपनी मान्यताएं हो सकती हैं जैसे कि शिक्षार्थी, अध्यापक, अभिभावक, आदि। अतः इस इकाई की शुरूआत अधिगम से सम्बंधित उन सामान्य प्रचलित मान्यताओं को जानने से की जाएगी। उन मान्यताओं का कुछ हद तक विश्लेषण भी किया जाएगा। लेकिन उनके पूर्ण विश्लेषण के लिए कुछ सैद्धांतिक आधारों की जरूरत होगी जिनकी चर्चा अगली इकाई में है। इसलिए इस इकाई में उनका सामान्य सा विश्लेषण ही होगा। इस इकाई में अधिगम को प्रभावित करनेवाले कारक यथा व्यक्तिगत, सामाजिक, संस्थागत, मूर्त व अमूर्त आदि की भी सामान्य समझ प्राप्त की जाएगी। यहां एक महत्वपूर्ण कारक 'एकाग्रता' की विशेष चर्चा की जाएगी क्योंकि भारतीय देशज परम्परा में इस कारक को विशेष स्थान दिया जाता रहा है। साथ ही इस इकाई में अधिगम से सम्बंधित अन्य अवधारणाओं की भी बात की जाएगी। अधिगम की प्रक्रिया का विकास, अभिप्रेरणा और बुद्धि से क्या अंतर्सम्बंध है इसको विशेष रूप से इस इकाई में समझा जाएगा। अधिगम और विकास के अंतर्सम्बंध की मान्यताओं पर चर्चा, अभिप्रेरणा के सिद्धांत (आंतरिक व बाह्य अभिप्रेरणा, प्रक्रिया आदि) का विवरण और बुद्धि से सम्बंधित विकासात्मक सिद्धांतों (बिने, गिलफर्ड, गार्डनर) का विश्लेषण यहां किया जाएगा।

Unit-2	
अधिगम के सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य	**Theoretical perspectives of Learning**
• अधिगम से सम्बंधित सिद्धांतों के विकास का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य • अधिगम से सम्बंधित सिद्धांतों की समझ : व्यवहारवादी, मानवतावादी, संज्ञानवादी, सूचना–प्रक्रियाकरण मत, सामाजिक–सर्जनवादी दृष्टिकोण	• Reflecting on the development of theories of learning: Historical perspective • Theories related to Learning: Behaviourist, Cognitivist, Information-processing view, Humanist, Social-constructivist

इस इकाई की शुरूआत अधिगम के सिद्धांतों के ऐतिहासिक विकास के संक्षिप्त परिचय से की जाएगी जिसमें मनोविज्ञान से अधिगम के सिद्धांतों के विशेष सम्बंध पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद अधिगम से सम्बंधित विभिन्न सिद्धांतों की व्याख्यात्मक एवं विश्लेषणात्मक समझ प्रस्तुत की जाएगी। इस इकाई में दो बिन्दु ही लिये गये हैं क्योंकि दूसरा बिन्दु स्वयं में बहुत विस्तृत है जिसके अंतर्गत दिए गए विभिन्न सिद्धांतों की चर्चा की जाएगी। हालांकि अब तक यह देखा गया है कि उन सिद्धांतों को बहुत ही शुष्क रूप में ही प्रस्तुत किया जाता रहा है जिसमें उनसे सम्बंधित प्रयोगों का विवरण मात्र ही दिया जाता है जिससे प्रशिक्षुओं की 'सीखने' को लेकर कोई उपयोगी दृष्टिकोण नहीं बन पाता था। अतः विभिन्न सिद्धांतों की चर्चा को उपयोगी बनाने के लिए तीन निर्देशक बिन्दु भी निर्धारित कर दिया गया है। यदि सिद्धांतों की बात करें तो व्यवहारवादी में पैव्लव एवं स्कीनर, मानवतावादी में मैस्लो, संज्ञानवादी मे पियाजे, सूचना–प्रक्रियाकरण मत में एटकिंसन, सामाजिक–सर्जनवादी दृष्टिकोण में वाइगोत्सकी एवं बैण्डुरा जैसे मनोवैज्ञानिकों की विशेष चर्चा की जाएगी। अधिक जोर संज्ञानवाद और सामाजिक–सर्जनवाद के सिद्धांतों को विस्तार से समझने पर होगा।

Scanned with CamScanner

Unit-3	
अधिगम और शिक्षण	**Learning and Teaching**
• अधिगम–शिक्षण प्रक्रिया से संबंधित विविध दृष्टिकोणों की समझ : शिक्षक–केन्द्रित, विषय–केन्द्रित एवं बाल–केन्द्रित; 'ज्ञान के सम्प्रेषक', 'आदर्श', 'सुगमकर्ता' एवं 'सह–अधिगमकर्ता' के रूप में शिक्षक • शिक्षण के सामाजिक–सर्जनवादी परिप्रेक्ष्य एवं इसके निहितार्थों की समझ • सृजनात्मक अधिगम : अवधारणा एवं शिक्षणशास्त्रीय निहितार्थों की समझ • अधिगम–शिक्षण के लिए सुगम माहौल का निर्माण प्रमुख बिन्दु एवं चुनौतियां	• Understanding multiple views for learining-teaching process: teacher centric, subject centric and learner centric; Teacher as 'transmitter of knowledge', 'model', 'facilitator', 'co-learner' • Understaning Social-constructivist perspective of teaching and its implications • The idea of Creative Learning: Concept and its pedagogical implications • Creating facilitative learning-teaching environments: major points and concerns

इस इकाई में अधिगम और शिक्षण को एक साथ देखने पर बल दिया गया है। पिछली इकाई में अधिगम के सिद्धांतों की समझ पर जोर दिया गया था लेकिन उन सिद्धांतों की समझ तब तक उपयोगी नही है जब तक कि प्रशिक्षु द्वारा उनका कक्षायी माहौल में प्रयोग न किया जाए। यहां इस बात पर जोर दिया गया है कि प्रशिक्षु अपने द्वारा सीखे गए शैक्षिक सिद्धांतों की उपयोगिता को स्वयं से परखकर देखें। कोई भी सिद्धांत शिक्षण में किस प्रकार से मददगार है इसकी गहन समझ प्रशिक्षुओं को अवश्य मिले। साथ ही, शिक्षण को लेकर जो विविध दृष्टिकोण दिए गए हैं, उनका सिद्धांतों से किस प्रकार जुड़ाव है, इसे भी यहां समझा जाएगा। आज के शैक्षिक विमर्श में सामाजिक–सर्जनवाद का विशेष महत्व है, इसलिए इसको विशेष तौर पर समझा जाएगा। अधिगम–शिक्षण के दौरान कक्षा में कई ऐसी घटनाएं घटती हैं जिनको शिक्षक समझ नहीं पाते हैं और उसकी अनदेखी कर देते हैं जैसे कि बच्चों की सृजनात्मक सोच एवं प्रतिभा। अतः इस इकाई में सृजनात्मकता को भी अधिगम–शिक्षण का अभिन्न अंग मानते हुए चर्चा की गयी है ताकि ऐसे बच्चे छूट न जाए। साथ ही, अधिगम–शिक्षक की चुनौतियों की सैद्धांतिक समझ भी इस इकाई में प्राप्त की जाएगी।

Unit-4	
कक्षायी प्रक्रियाएं एवं सीखने की योजना	**Classroom processes and Learning Plan**
• कक्षायी प्रक्रियाएं : प्रभावी कारक; प्रमुख चुनौतियां, समय प्रबंधन, शिक्षक का सम्प्रेषण कौशल, शिक्षार्थियों की भूमिका • विभिन्न कक्षायी गतिविधियों के अनुसार कक्षाकक्ष की बैठक व्यवस्था • कक्षायी गतिविधियों को पाठ्यचर्या, शिक्षणशास्त्र एवं शिक्षण संसाधनों के साथ जोड़ना • कक्षाकक्ष शिक्षण के संदर्भ में माइक्रो–टीचिंग और ब्लूम की टेक्सोनोमी का आलोचनात्मक समझ • 'सीखने की योजना' की अवधारणा को समझना : पारम्परिक पाठ योजना को बदलकर सीखने की योजना का प्रयोग	• Classroom processes: Factors affecting; major challenges; time management, Communication skills of teacher, role of learners • Seating arrangements for varfous classroom practices • Relating Classroom practices with Curriculum, pedagogy and teaching resources • Critical understanding of micro-teaching and Bloom's taxonomy for classroom practices • Understanding the concept of 'Learning plan': replacing the traditional lesson plan of classroom teaching

सीखने–सिखाने का कार्य कक्षाकक्ष की प्रक्रिया और शिक्षण योजनाओं से जुड़ी हुई है। अतः कक्षाकक्ष की अवधारणा तथा शिक्षण योजना के तौर पर 'सीखने की योजना–लर्निंग प्लान' की व्यापक समझ शिक्षक को होनी चाहिए। इस इकाई में सीखने के विभिन्न सिद्धांतों को कक्षाकक्ष तथा लर्निंग प्लान के निर्माण में किस प्रकार समावेशित करें, इसकी चर्चा की जाएगी।

Scanned with CamScanner

Unit-5	
अधिगम, शिक्षण और आकलन : प्रमुख मुद्दे एवं चुनौतियां	**Learning, Teaching and Assessment: major issues and challenges**
• अधिगम, शिक्षण और आकलन : विद्यालयी प्रक्रियाओं की समकालीन वास्तविकता • प्रमुख मुद्दे : मार्किंग बनाम ग्रेडिंग, बच्चों को फेल न करने की नीति (अनवरोध की नीति), वस्तुनिष्ठता बनाम विषयनिष्ठता • अधिगम शिक्षण और आकलन का जुड़ाव : युक्तियां एवं चुनौतियां; शिक्षक की भूमिका	• Learning, Teaching and Assessment: contemprorary realities of school practices • Major issues : Marking vs Grading, Non-detention policy, objectivity vs subjectivity • Relating learning, teaching and assessment: strategies and challenges, Role of a teacher

इस इकाई में पिछले सभी इकाइयों में सीखी गई अवधारणाओं को एक दूसरे से जोड़कर देखा गया है। साथ ही, यहां उन्हें विद्यालय के वास्तविक परिदृश्य में समझने पर भी बल दिया गया है। विद्यालयी प्रक्रियाओं में अधिगम, शिक्षण और आकलन को एक समेकित प्रक्रिया के रूप में कैसे बनाया जाए तथा इसकी क्या सीमाएं हैं, इस पर यहां चर्चा की जाएगी। खासकर, इनसे सम्बंधित जो व्यावहारिक मुद्दे हैं उनको समझा जाएगा। साथ ही, अधिगम, शिक्षण और आकलन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए क्या युक्तियां होनी चाहिए और उसमें शिक्षक की क्या भूमिका हो सकती है, इस पर विशेष चर्चा की जाएगी।

Suggested readings:

- Andrade, H. L. (2013). Classroom assessment in the context of learning theory and research. In J. H. McMillan (Ed.), Sage handbook of research on classroom assessment. California, USA: Sage.
- Black, P. (2015). Formative assessment – an optimistic but incomplete vision. Assessment in Education: Principles, Policy & Practice, 22(1).
- Broadfoot, P. (1979). Assessment, schools and society. London, USA: Methuen & Co.
- Byrnes, D.A. (1989), Attitudes of students, parents and educators toward repeating a grade. In L.A. Shepard & M.L. Smith (eds.), Flunking grades: Research and policies on retention. London: Falmer Press.
- Cumming, J., & Maxwell, G. S. (1999). Contextualizing Authentic Assessment. Assessment in Education: Principles, Policies and Practices, 6(2),
- Darling-Hammond, L. (1998), Alternatives to grade retention. The School Administrator, 55,7.
- Deshpande, J.V. Examining the Examination System Economic & Political Weekly, April 17, 2004 Vol XXXIX, No. 16.
- Dweck, C. S. (2006). Mindset : The new psychology of success. New York: Ballantine Book
- Eggen, P. &Kauchak, D. (1999). Educational Psychology: Windows on Classrooms. (4th ed.). New Jersey : Prentice Hall
- Farrell, M. (2009).Foundations of Special Education: An Introduction. (4th ed.). Wiley Blackwell
- Frederickson, N. & Cline, T. (2009).Special Educational Needs, Inclusion and Diversity. (2nd ed.). New York: McGraw Hill Education Open University Press
- Gargiulo, R.M. (2015). Special Education in Contemporary Society 5e: An Introduction to Exceptionality. Canada: Sage
- Gilligan, C. (1982). In a different Voice: Psychological Theory and Women's Development. Cambridge: Harvard University Press.
- Hallahan, D.P., Kauffman, J.M. & Pullen, P.C. (2012).Exceptional Learners: An Introduction to Special Education. (12th ed.). New Jersey: Pearson Education.
- Jalaluddin, A. K. (2011). Ratane se Arth Nirman tak: Pathyacharya, Shikshanshastra aur Mulyankan mein Ferbadal. Shiksha Vimarsh, March-April issue.

Scanned with CamScanner

- Kumar, K. (2004). What is worth teaching? (3rd ed.). Orient Blackswan.
- Lampert, M. (2001). Chapter 1 & Chapter 2. In Teaching problems and the problems of teaching. Yale University Press.
- Laser, R., Chudowsky, N., & Pellegrino, J.W. (Eds.). (2001). Knowing what students know: The science and design of educational assessment. National Academies Press.
- Lefrancois, G.R. (1999). Psychology for Teaching. (10th ed.). London: Wadsworth Publishing.
- Mukunda, K.V. (2009). What did you ask at school today? A handbook of child learning. Harper Collins.
- Nawani, D (2012), Continuously and comprehensively evaluating children, Economic & Political Weekly, Vol. XLVIII, Jan 12, 2013.
- Nawani, D (2015). Re-thinking Assessments in Schools, Economic & Political Weekly, Jan 17, Vol L, No. 3.
- NCERT(2007) National Focus Group Paper on Examination Reforms
- Ormrod. J.E. (2000).Educational Psychology: Developing Learners. (3rd ed.). New Jersey: Prentice Hall
- Phillips, D. C. (1995). The good, the bad, and the ugly: The many faces of constructivism. Educational Researcher, 5–12.
- Piaget, J. (1926). Language and Thought of the Child. London: Routledge & Kegan Paul.
- Piaget, J. (1951). The Psychology of Intelligence. London: Routledge & Kegan Paul.
- Piaget, J. (1952). The Origins of Intelligence in Children. New York: International University Press.
- Piaget, J. (1997). Development and learning. In M. Gauvain & M. Cole (Eds.), Readings on the development of children. New York: WH Freeman & Company.
- Ranganathan.N. (2000).The Primary School Child: Development and Education. New Delhi : Orient Longman
- Sharma, P.L., A Teacher's Handbook on IED: Helping children with special needs, NCERT, New Delhi
- Shepard, L. A. (2000). The role of assessment in a learning culture. Educational Researcher, 4–14.
- Shepard, L. A. (2000). The role of assessment in a learning culture. Educational Researcher.
- Shulman, L. S. (1986). Those who understand: Knowledge growth in teaching. Educational Researcher, 4–14.
- Singh, Arun. K., Shiksha Manovigyan, Bharati Bhavan Publication, Patna.
- Slavin, R. E. (1997).Educational Psychology: Theory and Practice. (5th ed.). New Jersey: Allyn and Bacon.
- Stiggins, R. (2005). From formative assessment to assessment for learning: A path to success in standards-based schools. Phi Delta Kappan, 324–328.
- Vygotsky, L. (1997). Interaction between learning and development. In M. Gauvain & M. Cole (Eds.), Readings on the development of children. New York: WH Freeman & Company.
- Vygotsky.L. (1978).Mind in Society: The Development of Higher Psychological Processes. Cambridge Harvard University Press.
- Vygotsky.L. (1986).Thought and Language. Cambridge: The MIT Press.
- Woolfolk, A. (2014). Educational Psychology. (12th ed.). New Delhi: Pearson Education.
- Woolfolk, A., Misra, G. &Jha, A.K. (2012).Fundamentals of Educational Psychology. (11th ed.) New Delhi: Pearson.

Scanned with CamScanner

C-4

Language across the Curriculum

सम्पूर्ण पाठ्यचर्या में भाषा

Unit-1	
शिक्षार्थी और उनकी भाषा	**Learners and their language**
• भाषा का अर्थ, प्रकृति, क्षेत्र, महत्व, कार्य एवं पृष्ठभूमि • भाषा और धर्म, भाषा और कक्षा, साहित्य का भाषा में योगदान • गृहभाषा (मातृभाषा) तथा विद्यालयी भाषा / द्वितीय भाषा, औपचारिक और अनौपचारिक भाषा • मौखिक और लिखित भाषा–अर्थ, सिद्धान्त, उद्देश्य, महत्व, एवं सह–संबंध	• Meaning, nature, scope, role, importance, functions of language, language background • language and religion, language and Class, role of literature in language • Home language (mother tongue) and school language/second language, Formal and informal language • Oral and written language-meaning, principles, objectives, importance, Co-relation

इस इकाई का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को "भाषा क्या है" यह समझने में मदद करना है। भाषा की सबसे प्रचलित परिभाषा यह है कि भाषा संप्रेषण का माध्यम है। परन्तु यह भाषा की बहुत ही सीमित परिकल्पना है। इस इकाई में हम भाषा के विभिन्न पहलुओं के बारे में बातचीत करते हुए यह समझने का प्रयास करेंगे कि भाषा को किन–किन रूपों में समझा जा सकता है? साथ ही साथ, व्याकरण के दृष्टिकोण से ध्वनि, वाक्य एवं संवाद के धरातल पर भाषा की संरचना एवं विशेषताओं को समझने का भी प्रयास करेंगे। हम यह देखते हैं कि बच्चे अपने परिवेश के साथ सहज अन्तःक्रिया करते हुए भाषा सीख जाते हैं। यदि हम भाषा सीखने की इस प्रक्रिया पर ध्यान दें तो हमें यह समझने मे मदद मिलेगी कि कक्षा में भाषा सीखने की प्रक्रिया कैसी होनी चाहिए?

Unit-2	
भाषा, कौशल और भाषा प्रयोगशाला	**Language , skills and language laboratory**
• भाषा में मौखिक अभिरूचि, मौखिक सैद्धान्तिक भाषा की अभिरूचि, छात्राध्यापकों में मौखिक हावभाव / भाषण का विकास, सीखने के उपकरण का विचार विमर्श, कक्षा कक्ष में प्रश्न पूछना, पठन–पाठन में शिक्षण कौशल का पाठ्य पुस्तकों द्वारा विकास, गलत उच्चारण की समस्या और समाधान • भाषा कौशल–(एल.एस.डब्ल्यू.आर.–सुनना, बोलना, लिखना, पढ़ना,) अर्थ, महत्व, सहसंबंध, विधियां तथा तकनीकियाँ। • भाषा प्रयोगशाला :– आवश्यकता, महत्व, लाभ, इसकी शिक्षक प्रशिक्षण में उपयोगिता	• Oral aptitude in language, theoretical speech of oral apttitude, development of oral expression/speech in pupil-teacher, discussion as a tool of learning, questioning in class room, developing reading skill through text book, problems and remedies to incorrect pronunciation. • Language skills-(LSWR-Listening, speaking, writing, reading,) Meaning, importance, co-relation, methods and techniques • Language laboratory-Need, Importance, Advantage, Use in teacher's training

हमारे देश में कई प्रकार की विविधताएँ हैं। भाषायी विविधता भी उनमें से एक है। पूरे विश्व में लगभग 5000 भाषाएँ है उनमें से करीब 1600 से अधिक भाषाएँ भारत में बोली जाती हैं। भारत के संदर्भ में यह कहना गलत नहीं होगा कि यहाँ अधिकांश व्यक्ति कम–से–कम दो भाषाएँ जानते हैं। यह जानते हुए भी कि भारत एक बहुभाषिक देश है स्कूलों में भाषा शिक्षण में ज़ोर किन्हीं एक या दो विशेष भाषाओं (अमूमन हिन्दी व अंग्रेजी) पर ही होता है। बच्चों की भाषाओं, जो कि इतनी विविधता लिये हुए होती है, उनको भाषा व बोली, शुद्ध भाषा, मानकीकृत भाषा जैसे मुद्दों के बीच दबा दिया जाता है। यह इकाई, भाषायी विविधता व बहुभाषिकता को समझने में मदद करेगी। इकाई में बिहार के बहुभाषिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए विस्तार से यह चर्चा की जाएगी कि हम इस भाषायी विविधता को स्वयं व बच्चों के भाषा–कौशलों के विकास के लिए एक संसाधन के रूप में उपयोग कैसे कर सकते हैं। भाषा इंसान की सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इंसान द्वारा सृजित की गई। इंसानों तथा उनकी आवश्यकताओं मे अन्तर होता है इस वजह से उनकी भाषा में भी अन्तर होता है। इस कारण भाषा में विविधता तथा स्तरीकरण का गुण पाया जाता है।

Scanned with CamScanner

Unit-3

विद्यालयी पाठ्यचर्या में कौशल	Skills in School Curriculum
• श्रवण कौशल:– उच्चारण, दाब, लय तथा मौखिक अभिरूचि • वाचन कौशल:– उच्चारण, दाब, लय तथा मौखिक अभिरूचि' • लेखन कौशल–लेखक के पहलू – आकार, ध्वनि, अर्थ, शब्दविन्यास संकेतन, शब्द, वाक्य, लेखन–अभिव्यक्ति, समझना एवं तार्किक संक्षेपण करने की सामर्थता, लेख, निबंध ,पत्र, कहानी लेखन, कविता, घटना, रिपोर्ट, आर्टिकल का वर्णन लिखना इत्यादि • पठन कौशल–व्यंजन, स्वर, शब्द, वाक्य, पहचान, समझ, मंद तथा उच्च पठन	• Listening skill-Pronunciation, stress, Rhythm and Oral aptitude. • Speaking skill- Pronunciation, , stress, Pitch, Rhythm and Oral aptitude. • Writing skill-Aspects of writing-shapes, sounds, Meanings, Punctuation marks, Word, Sentence, Experssion in Writing, understanding and capacity to write correct logical summarizing and expanding thoughts and experiences, composition, essay, story, letter, poetry, incidents, report, articles etc. • Reading skill- Consonants, Vowels, Words, Sentences, Recognition, Understanding, Silent reading and Loud reading

शिक्षार्थी जब विद्यालय आते हैं तब वे अपने साथ अपनी भाषा भी लाते हैं। कक्षा में वे अपनी भाषा में व्यक्तियों के साथ संवाद करते हैं। दूसरी तरफ, वे कक्षा में भाषा को पढ़ते भी हैं। अतः भाषा को लेकर शिक्षार्थियों के अनुभव बहुत समृद्ध होते हैं, अन्य विषयों की तुलना में। अतः, यह महत्त्वपूर्ण है कि भाषायी रूप से परिपक्व बच्चों के भाषायी उपयोग एवं स्तर के विकास में शिक्षक अपनी भूमिका के बारे में समझ बनाए एवं उसका उपयोग करे। इस इकाई में विद्यालयी पाठ्यचर्या के अन्दर भाषा के स्थान को समझने की विशेष कोशिश की गई है जिसमें पाठ्यपुस्तकों की भाषा कौशलों का विश्लेषण प्रशिक्षु समझ पायेंगे। यहां यह स्पष्ट करना है कि इस विषय में भाषा कौशल को पूरी पाठ्यचर्या के संदर्भ में देखे जाने पर जोर दिया गया है और इसलिए प्रशिक्षुओं को यह समझने का अवसर दिया गया है कि उनके द्वारा पढ़े या पढ़ाए गए विषय का महत्त्वपूर्ण स्रोत भाषा है। इसकी मदद से वह अपने विषय में ज्ञान का सृजन, भण्डारण, सम्प्रेषण, मूल्यांकन एवं संशोधन करते हैं। इसी कारण भाषा का स्थान स्कूली शिक्षा के पूरे पाठ्यक्रम में सबसे महत्त्वपूर्ण माना जाता है। भाषा न सिर्फ सम्प्रेषण का माध्यम है बल्कि यह अपनी कल्पना, सृजनात्मकता, संवेदना और कौशलों की अभिव्यक्ति का भी सशक्त माध्यम है। इन सब बातों की विस्तृत चर्चा इस इकाई में की जाएगी।

Suggested readings:

- Agnihotri, R. K. (1996). Kaun Bhasha Kaun Boli. Sandarbh 13, 37-43
- Agnihotri, R.K. (1995). Multilingualism as a classroom resource. In K. Heugh, A. Siegrühn, & P. Plüddemann (Eds.), Multilingual education for South Africa (pp. 3–7). Heinemann Educational Books.
- Agnihotri, R.K., & Kumar, S. (2001). Bhasha, boli aur samaj. Deshkal Publications.
- Anderson, R.C. (1984). Role of the reader's schema in comprehension, learning and memory. In R.C. Anderson, J. Osborn, & R.J. Tierney (Eds.), Learning to read in American schools: Basal readers and content texts. Psychology Press.
- Atwell, N. (1987). In the Middle: Writing, reading, and learning with the adolescents. Portsmouth:.Heineman.
- Grellet, F. (1981). Developing reading skills: A practical guide to reading comprehension exercises. Cambridge University Press.
- Kunwar, N. (2015). 'Right writing' in Indian classroom: learning to be artificial. Language and language teaching.Vol 4, No. 1, Issue 7.
- NCERT. (2006d). Position paper-National focus group on teaching of Indian language (NCF 2005). New Delhi: NCERT.
- Rai, M. (2015). Writing in Indian schools: the product priority. Language and language learning. Vol 4, No 1, Issue 7, 32-36
- Sinha, S. (2009), Rosenblatt's theory of reading: Exploring literature, Contemporary Education

Scanned with CamScanner

C-6

Gender, School and Society

जेण्डर, विद्यालय और समाज

किसी भी समाज के मानवीय होने की कसौटियों में से एक महत्वपूर्ण कसौटी यह है कि उसमें स्त्री और पुरुष के बीच सम्बन्ध कितने समतामूलक हैं। स्त्री और पुरुष के बीच असमानता को रचने के प्रयास बहुत पुराने हैं। अनेक कारणों से इनके बीच असमानता रचने वाले कारकों को पहचानने के प्रयास किये गये। भारतीय समाज तथा शिक्षा में इस प्रकार की असमानताओं के होने को समय–समय पर रेखांकित किया जाता रहा है। इसी प्रकार के प्रयासों में भिन्नता के होने तथा असमानता को रचे जाने के बीच फर्क को समझा गया। यह समझ में आने लगा कि स्त्री और पुरुष के बीच भिन्नता प्राकृतिक है लेकिन असमानता समाज द्वारा सृजित है।

इस विषय के माध्यम से प्रशिक्षु यह समझ बनाएँगे कि भिन्नता को असमानता में रूपांतरित करने के तरीके तथा प्रक्रियाएं कौन–कौन सी हैं। वे कौन से तरीके हैं जिनसे मर्द और औरत की छवियों को गढ़ा जाता है। वे इन छवियों को गढ़ने के तर्कों की समीक्षा करने में स्वयं को सक्षम बनाएँगे। प्रशिक्षु, मर्द और औरत की गढ़ी जा रही छवियों के शिक्षा के साथ सम्बन्ध के बारे में समझ बनाते हुए छवियों का लोकतांत्रीकरण और मानवीकरण करने के प्रयासों के बारे में समझ बनाएँगे। वे मर्द और औरत की छवियों को रचने की प्रक्रियाओं को समझकर शिक्षा के जरिये लैंगिक–समानता स्थापित करने की दिशा में स्वयं तथा अन्य एजेंसियों की भूमिका के बारे में समझ बनायेंगे।

Unit-1	
जेण्डर की समझ	Gender Issues: Key Concepts
• जेण्डर और लिंग की अवधारणा • जेण्डर पक्षपात, जेण्डर सम्बंधी रूढ़ीगत मान्यताएं, जेण्डर सशक्तिकरण की समझ • भारत में जेण्डर का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य • जेण्डर और पितृसत्ता	• Concept of Gender and Sex • Understanding Gender bias, gender stereotyping, and gender empowerment • Historical perspective of Gender in India • Gender and Patriarchy

Unit-2	
जेण्डर और समाजीकरण	Gender and Socialization
• जेण्डर सम्बंधी सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य : समाजीकरण का सिद्धांत, जेण्डर विभेद, संरचनात्मक सिद्धांत, पुनर्रचनात्मक सिद्धांत • जेण्डर अस्मिता और समाजीकरण की प्रक्रियाएं : धर्म, परिवार, समाज, मीडिया, विद्यालय आदि की भूमिका	• Theoretical perspectives related to Gender: Socialization theory, Gender Difference, Structural Theory, Deconstructive theory • Gender Identities and Socialization Practices: Role of religion, family, society, media and School etc.

Unit-3	
जेण्डर अध्ययन : परिप्रेक्ष्यों का विकास एवं शिक्षक	Gender Studies: perspective development & Teacher
• जेण्डर से संबंधित शोधों का संदर्भ • जेण्डर सम्बंधी प्रमुख सामाजिक सुधार आंदोलनों की समझ • जेण्डर समानता में शिक्षा की भूमिका : लड़कियों के शिक्षा का महत्व • शिक्षक की परिवर्तनकारी एवं जेण्डर संवेदनशील भूमिका	• Context of researches related to gender • Landmarks from social reforms movements; focus on women's experiences of education, legistative • Role of Education for gender equality: Importance of schooling girls • Teacher: as an agent of change; gender sensitive professional

Scanned with CamScanner

Suggested readings:

- Chanana, Karuna. 1988 Socialization, Education and Women. Nehru Memorial Museum and Library: New Delhi
- Dube, Leela. 2000 Anthropological Explorations in Gender: Intersecting Fields. Sage Publications New Delhi
